Publication	Page No	Date
Jansatta (Delhi)	12	07 December'11

हीरो महिला इंडियन ओपन में स्टार गोल्फरों का जमावड़ा

जनसत्ता संवाददाता

नई दिल्ली, 6 दिसंबर। महिला गोल्फ की महान खिलाड़ी लौरा डेविस आठ दिसंबर से डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर शुरू हो रहे हीरो महिला इंडियन ओपन गोल्फ में अपने खिताब का बचाव करेंगी। सात बार यूरोपीय आर्डर आफ मेरिट विजेता के साथ स्वीडन की सोफी गुस्ताफसन, नई मगर काफी प्रतिभाशाली केरोलीन हेडवाल और अमेरिका की क्रिस्टिना किम पांचवीं बार हो रहे इस टूर्नामेंट को सशक्त और रंगीन बनाएंगी।

पिछली बार चैंपियन बनी लौरा डेविस 2010 में काफी पहले भारत आ गई थी लेकिन उनका गोल्फ चैंपियनशिप होने से कुछ घंटे पहले ही पहुंचा था। लेकिन बावजूद इसके उन्होंने परिस्थितियों से पार पाकर हैरतअंगेज प्रदर्शन से खिताब जीत दिखाया। चार खिलाड़ियों में रोमांचक 'प्ले आफ' की नौबत आई थी।

हीरो महिला इंडियन ओपन, 2011 की इनामी राशि तीन लाख डालर होगी। यह चैंपियनशिप अब एशिया की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता बन गई है। इस बार 26 देशों की महिला गोल्फर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। भाग लेने वाले देशों में अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जापान, स्वीडन, थाईलैंड, कोरिया की खिलाड़ी भी हैं।

इस बार मुकाबले में पिछले चार इंडियन ओपन को दो पूर्व विजेता फतलूम पूर्नानोंग (थाईलैंड, 2008, 09) और लौरा डेविस (2010) शामिल हैं। 2008 में भारत में पहले लेडीज यूरोपीयन टूर (बंगलूर) की विजेता स्वीडन की गवलेइस वोसेरा भी चुनौती पेश कर रही हैं।

हीरो महिला इंडियन ओपन की विजेता खिलाड़ी को 33,750 डालर की इनामी राशि मिलेगी। उपविजेता खिलाड़ी को 22,837 डालर मिलेंगे जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाली खिलाड़ी को 15,750 डालर मिलेंगे। पहले 60 खिलाड़ियों को इनामी राशि बंटेगी। 60वें स्थान पर रहने वाली खिलाड़ी को 675 डालर मिलेंगे।

टी आफ करने वाली खिलाड़ियों में हाल ही में सान्या लेडीज ओपन चैंपियन आस्ट्रेलिया की फ्रांसेस बोंडाड, लेकास्टे लेडीज ओपन डी फ्रांस चैंपियन फेलिसिटी जानसन, लल्ला मेरियेम कप विजेता जुजाना कामासोवा और पुर्तगाल लेडीज ओपन विजेता अशलेग साइमन भी होंगी।

भारतीय चुनौती की अगुआई घरेलू हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर की मौजूदा लीडर शर्मिला निकोलेट करेंगी। भारत में गोल्फ को लोकप्रिय बनाने में योगदान देने वाली स्मृति मेहरा भी हिस्सा ले रही हैं। भाग लेने वाली 108 खिलाड़ियों में नलिनी सिंह, नेहा त्रिपाठी और सानिया शर्मा भी हैं।

लेडीज एशियन गोल्फ टूर और महिला गोल्फ एसोसिएशन आफ इंडिया ने मिलकर 2007 में इस टूर्नामेंट की शुरुआत की थी। 2010 में लेडीज यूरोपीय टूर के भी इसके साथ जुड़ने से यह प्रतियोगिता ऐतिहासिक बन गई है।

एशिया ने बाजी मारी

जनसत्ता संवाददाता

गुड़गांव, 6 दिसंबर। सितारा खिलाड़ियों से युक्त यूरोप की गोल्फ टीम हीरो महिला स्किल चैलेंज का मुकाबला हार गई। हीरो महिला इंडियन ओपन में भाग लेने आई यूरोपीय महिला गोल्फरों का मुकाबला एशियाई टीम से था जिसमें चार भारतीय महिला गोल्फर भी थीं। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर हुए इस मुकाबले में विजेता टीम को 37,500 रुपए मिले। यूरोपीय टीम को 12,500 रुपए दिए गए। यूरोप बनाम एशिया के 'स्किल चैलेंज' में 'लांगेस्ट ड्राइव' में चार बार लेडीज यूरोपीय टूर विजेता सोफी गुस्ताफसन ने तीन प्रयासों में 286 यार्ड की दूरी तय की। वेल्श की गोल्फर बेकी ब्रियूवर्टन अपना साथी से बेहतर नहीं कर सकीं। एशिया का प्रतिनिधित्व स्मृति मेहरा और शर्मिला निकोलट ने किया जो मिलकर किए छह प्रयासों में 282 यार्ड की ड्राइव लगा पाईं। 100 यार्ड पिच मुकाबले में अमेरिका की क्रिस्टीना किम और स्वीडन की केरोलिन हेडवाल पिन से नौ फीट सात इंच से दूर शाट लगा पाईं। शर्मिला निकोलेट और नेहा त्रिपाठी की पिच शाट पिन से पांच फीट दो इंच दूर रही। इससे एशिया ने बराबरी कर ली। नलिनी सिंह के बेहतर प्रदर्शन ने एशिया को 2-1 से लीड दिलाई। फिर 'मांसटर पट' में नलिनी ने नेहा के साथ मिलकर यूरोपीय चुनौती को पस्त किया।